दिनांकः 22.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 131वें अंक में आज ए.आई., अंगदान, साइबर सुरक्षा, टी–20 क्रिकेट, खेती–किसानी और वोकल फोर लोकल सहित कई विषयों का जिक्र कियां आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम के इस साल के दूसरे एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल ही में नई दिल्ली में हुई इंडिया ए.आई. इम्पैक्ट समिट में दुनियाभर के उद्योग जगत के लीडर्स, इनोवेटर्स और टेक कम्पनियों के दिग्गज जुटे, जिन्होंने भारत की ए.आई. क्षमताओं को नजदीक से देखां प्रधानमंत्री ने कहा कि ए.आई. से प्राचीन ग्रंथों और पांडुलिपियों का भी संरक्षण किया जा रहा हैं

....

अंगदान पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश को ऑर्गन डोनेशन की बहुत जरूरत हैं इससे बहुत से लोगों की जिंदगी बदल सकती हैं इस दौरान श्री मोदी ने सीकर के रामदेव सिंह के किडनी ट्रांसप्लांट का भी जिक्र कियां

....

साइबर सुरक्षा पर ज़ोर देते हुए प्रधानमंत्री ने लोगों से सतर्क और सचेत रहने तथा किसी भी अनजान व्यक्ति से अपने बैंक खातों से जुड़ी जानकारी साझा नहीं करने की अपील कीं उन्होंने कहा कि आरबीआई का वित्तीय साक्षरता अभियान पूरे साल जारी रहेगां श्री मोदी ने देशवासियों को रमज़ान और होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए स्वदेशी उत्पादों को खरीदने और वोकल फोर लोकल को बढ़ाने का आग्रह कियां

....

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा में मथुराधीश मंदिर कोरिडॉर के पहले चरण के विकास कार्यों का शिलान्यास कियां इस महत्वकांक्षी परियोजना में सड़कों को चौड़ा करने, मंदिर परिक्रमा मार्ग के सौंदर्यकरण, पार्किंग सुविधा विकसित करने और यात्रियों के लिए होटल निर्माण का काम शामिल हैं इस पर करीब सवा 66 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगीं इस मौके पर श्री बिरला ने कहा कि सरकार प्रतिबद्धता के साथ आस्था के केन्द्रों का पुनर्विकास कर रही हैं उन्होंने ये भी कहा कि मथुराधीश मंदिर के साथ ही आने वाले समय में श्रीनाथ चौकी, केशोराय मंदिर सहित कोटा के अन्य आस्था केन्द्रों का भी पुनर्विकास किया जाएगां श्री बिरला आज कोटा महोत्सव के तहत हैरिटेज वॉक में भी शामिल हुएं

....

नई दिल्ली में सम्पन्न हुई इंडिया ए.आई. इम्पैक्ट समिट में कोटा के अंश जैन और एश्वर्य झंवर को प्रतिनिधित्व का मौका मिलां अंश के 30 से अधिक गेम्स विभिन्न एप स्टोर्स पर उपलब्ध हैं, जो दुनिया के 172 देशों के लोगों द्वारा खेले जा रहे हैं वहीं एश्वर्य का स्टार्टअप महिलाओं की आर्थिक बेहतरी के लिए काम करता हैं उन्होंने कोटा से अपने स्टार्टअप **एकत्र** की शुरूआत की थी और आज इसका दायरा बढ़कर दुनिया के कई देशों तक पहुंच गया हैं

....

हनुमानगढ़ के भादरा में बीती रात एक हादसे में दो युवकों की मौत हो गईं दुघर्टना तेज गति के कारण जीप के बेकाबू होकर रासलाना नहर में गिरने से हुईं घटना के बाद तेज बहाव में बह गये दो युवक अभी लापता हैं पुलिस ने बताया कि ये लोग एक शादी समारोह में जा रहे थें

....

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप में आज भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें आमने–सामने होंगीं सुपर एट चरण का ये मुकाबला शाम 7 बजे से अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जायेगां

....